Title: Demand to protect the villagers of the Rasoolpur Bagia village in Mohanlalganj constituency from the criminals.

श्रीमती रीना चौधरी (मोहनलालगंज) : धन्यवाद। अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र मोहनलालगंज के अन्तर्गत एक विधान सभा क्षेत्र हसनगंज है। उसके अन्दर एक गांव रसूलपुर बगिया है, उसके पास ही एक दूसरा गांव बारादेव है। वहां के कुछ लोग, जिन्होंने अपने जीवन के काफी लम्बे वर्ष मर्डर केस में जेल में गुजारे हैं, अब आने के बाद गांव के लोगों के ऊपर जुल्म और अत्याचार कर रहे हैं। वसूली के नाम पर लोगों को उनके लिए पीटना आम बात है। शिकायत करने पर जब पुलिस वहां गई तो पुलिस वालों को भी गांव वालों के सामने मुर्गा बनाकर उन्होंने माफी मंगवायी। इतना जुल्म और अत्याचार वे गांव वालों के ऊपर कर रहे हैं कि लोगों का वहां रहना दूभर हो गया है।

मैं सदन में मांग करती हूं कि उस गांव के लोगों को संरक्षण दिया जाये और उन लोगों के जुल्म और अत्याचार से मुक्ति दिलाई जाये।